शुक्रवार
12 मई, 2023
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक



आरा में पेट्रोल पंप मालिक से रुपए लूट भाग रहे थे बदमाश, पुलिस से हुई मुठभेड़ 2

# आरसीपी सिंह बीजेपी में शामिल, बोले- पलटी मार है नीतीश कुमार की पहचान

- दिल्ली में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने जदयू के पूर्व नेता को पार्टी में शामिल कराया
- बीजेपी से जुड़ते ही नीतीश कुमार पर बोला हमला

**एजेंसी/नई दिल्ली**



जेडीयू से इस्तीफा देकर नीतीश कुमार और उनकी पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले आरसीपी सिंह ने गुरुवार को दिल्ली में बीजेपी की सदस्यता ले ली। दिल्ली में पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पार्टी में शामिल कराया। इस मौके पर बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह भी उपस्थिति रहे। पार्टी जॉइन करते ही आरसीपी सिंह ने सीएम नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दिया।

मीडिया को संबोधित करते हुए आरसीपी सिंह ने कहा कि सब नीतीश कुमार को पीएम कहते हैं। वो खुद भी नीतीश कुमार को पीएम मानते हैं। वो तो पहले ही कह चुके हैं कि नीतीश बाबू पीएम थे, पीएम हैं और पीएम ही रहेंगे लेकिन पीएम का मतलब क्या होता है पलटी मार। पहचान क्या बनी है। बताइए कि आपने कितनी बार विश्वासघात किया है।

## आज कल कुर्सी के लिए सब कर रहे नीतीश

आरसीपी सिंह ने कहा कि पहले जब भी नीतीश कुमार के पास जाते थे तो वो कहते कि क्राइम और करप्शन के वो खिलाफ हैं। उनको सी शब्द से बड़ा प्रेम है लेकिन सी से चेयर भी होता है। आज कल वो कुर्सी के लिए ही सब कर रहे हैं। आरसीपी सिंह ने कहा कि बिहार में 2005 से भी खराब स्थिति हो गई है। आप एक मुख्यमंत्री का नाम बता दीजिए जो तीन दिन में तीन प्रदेश में है। ये किस काम के लिए हैं? एक दिन ओडिशा, दूसरे दिन झारखंड तो तीसरे दिन मुंबई पहुंच गए। नीतीश कुमार पर हमला करते हुए आगे आरसीपी सिंह ने कहा कि वो बार बार इतिहास की बात करते हैं। नीतीश कुमार इतिहास मत भूलें। 2019 में भी विपक्षी एकता की बात चली थी लेकिन नीतीश कुमार क्या एकता करेंगे।

## 'आज देश कहां चला गया और बिहार वहीं'

आरसीपी सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार पहले क्या बोलते थे कि देश में कोई काम नहीं हो रहा है। अगर काम नहीं हो रहा है तो नीतीश कुमार ये बताएं कि आज भारतवर्ष दुनिया में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह कैसे हुआ? आज मुंबई गए हैं वहां वो बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। जरा सोचिए कि देश कहां चला गया और बिहार आज कहां है?

# दुष्कर्म के बाद हत्या मामले में दोषी को फांसी की सजा

## सासाराम जिला व्यवहार न्यायालय ने सुनाया फैसला

- कोर्ट ने कहा- जब बेटियां घर में ही सुरक्षित नहीं तो बाहर कैसे की जाए उम्मीद
- बक्सर जिले के धनसोई का रहने वाला है दोषी शाहिद

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिला व्यवहार न्यायालय ने दुष्कर्म के बाद हत्या के एक मामले में गुरुवार को दोषी को फांसी की सजा सुनाई। दोषी बक्सर जिले के धनसोई गांव का निवासी शाहिद है। एडीजे प्रथम मनोज कुमार की अदालत ने सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया है। फांसी की सजा के साथ उसे 76 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। मामले में कोर्ट ने फैसले के दौरान कहा कि जब बेटियां आने घर में सुरक्षित नहीं तो बाहर उनकी सुरक्षा की क्या उम्मीद की जा सकती है।

मामले में अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अपर लोक अभियोजक विद्यासागर राय ने बताया कि घटना 16 जून 2009 को रोहतास जिले के करगहर थाना इलाके में हुई थी। बक्सर जिले के धनसोई निवासी शाहिद की दिनारा के महबूब मार्केट में किराना दुकान थी। वहीं, करगहर थाना क्षेत्र में उसकी बहन का घर था, जहां वो लगभग अक्सर आना-जाना था। घटना के दिन 16 जून को भी वो आया हुआ था। इस बीच पड़ोस की एक किशोरी को उसने देखा, जो गोबर के उपले बनाकर अपने घर लौटी थी। उस दरमयां उसके घर में कोई नहीं था। जिसके बाद शाहिद उसके घर में गया और उसके साथ जबरदस्ती करने के बाद उसकी गला दबा हत्या कर दी थी।

## खबरें फटाफट

### खतरनाक रूप ले रहा तूफान 'मोचा'

**कोलकाता।** बंगाल की खाड़ी में उठा तूफान 'मोचा' अब खतरनाक रूप ले रहा है। खाड़ी के दक्षिण-पूर्व में गहरा दबाव पिछले 6 घंटे के दौरान 8 किमी प्रति घंटे की स्पीड के साथ उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है। आईएमडी का कहना है कि बंगाल की खाड़ी के ऊपर गहरा दबाव एक चक्रवाती तूफान मोचा में बदल गया है। इसके कारण बांग्लादेश और म्यांमार में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, गुरुवार सुबह साढ़े आठ बजे चक्रवाती तूफान पोर्ट ब्लेयर के 510 किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में था। मौसम विभाग ने कहा कि ये 13 मई की शाम को अपने चरम पर पहुंचेगा और फिर 14 मई की सुबह से इसके थोड़ा कमजोर होने की संभावना है. विभाग ने बताया कि इस तूफान के कॉक्स बाजार और क्यॉकप्यू के बीच दक्षिण-पूर्व बांग्लादेश और उत्तरी म्यांमार के तटों को 120-130 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पार करने की संभावना है।

### कश्मीर में हमले की साजिश रच रहे आतंकी

**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर में आतंकी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। खुफिया विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया है, जम्मू कश्मीर में ऑपरेशन ऑल आउट से घुसपैठ करने वाली पाकिस्तानी आतंकी बौखलाहट में है और इसी बौखलाहट में आतंकी जम्मू कश्मीर में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहे हैं। आतंकियों के निशाने पर सिक्योरिटी फोर्सेस और नॉन लोकल लेबर हैं जिन पर आतंकी हमला करने की प्लानिंग कर रहे हैं।

## विपक्षी एकताः मुंबई में उद्धव ठाकरे और शरद पवार से मिले नीतीश कुमार

# लोकतंत्र को बचाने के लिए हमें मिलकर काम करना होगाः पवार

- लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्षी दलों को जोड़ने के अपने मिशन के तहत मुंबई यात्रा पर गए सीएम नीतीश कुमार व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव
- नीतीश कुमार बोले- देश में बीजेपी जो कर रही है वो देश के हित में नहीं है इसलिए हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दल एक साथ हों

**एजेंसी/मुंबई**



बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने गुरुवार को मुंबई में शिवसेना यूबीटी प्रमुख एवं महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे से मिलकर विपक्षी एकता पर बात की। इस दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि आज जो केंद्र में हैं वो देश के लिए काम नहीं कर रहे हैं। समझ लीजिए इतिहास बदल रहा है। बीजेपी पर हमला करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि पहले कितना ज्यादा काम होता था। नीतीश कुमार ने कहा कि वह मीडिया के साथियों को कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन आज इस पर भी कब्जा है। अलग-अलग राज्यों में दूसरी पार्टी के लोगों ने जो काम किया है उसकी कोई चर्चा नहीं होती है। देश के हित में जरूरी है कि यह आगे बढ़े। आपस में किसी तरह का विवाद नहीं हो, लेकिन कोशिश क्या हो रही है कि समाज में एक तरह का विवाद पैदा हो, जो नहीं होना चाहिए। हिंदू-मुस्लिम या किसी जाति के हों सबको एकता में रहना चाहिए। हमलोग तो यही चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा पार्टियां एक साथ मिलकर काम करेंगी।

**तय होगा कि कब सबकी मीटिंग होः नीतीश कुमारः** विपक्षी एकता को लेकर नीतीश कुमार ने कहा कि बहुत से लोगों से बात हो गई है। आज वह मुंबई आए हैं तो यहां भी बात हुई है। आगे जो करना होगा वो करेंगे। उद्धव ठाकरे की ओर इशारा करते हुए कहा कि इनका और मेरा विचार तो एक ही है न। देश के हित में काम करना है। बातचीत



तो होती रहती थी। तय था कि मिलना है तो इन्होंने आज ही का समय दिया था। नीतीश कुमार ने कहा कि हम चाहते हैं कि पूरे देश में अधिक से अधिक पार्टियां एकजुट हों, मिलकर हम सब लड़ेंगे। अब यह तय होगा कि कब सबकी मीटिंग होगी।

इसके बाद नीतीश कुमार ने एनसीपी प्रमुख शरद पवार से मुलाकात की। मुलाकात के बाद सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि देश में बीजेपी जो कर रही है वो देश के हित में नहीं है इसलिए हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दल एक साथ हो इसके लिए हमने आज बातचीत की और सभी दलों से भी बातचीत हुई है, सबकी सहमति हो रही है। हम सब एक साथ बैठकर निर्णय लेंगे। आज बहुत अच्छी चर्चा हुई और अब देश के हित में सब कुछ होने जा रहा है।

## लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता की मजबूती पर हुई चर्चा

नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद शरद पवार ने कहा कि आज हमारी अच्छी मुलाकात हुई है। देश का आज जो माहौल है वो सब देखने के बाद देश की प्रजातंत्र को बचाने के लिए हमें मिलकर काम करने की आवश्यकता है और हम इसका समर्थन करते हैं। मुलाकात की तस्वीरें ट्वीट करते हुए शरद पवार ने कहा, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का आज मेरे मुंबई आवास पर स्वागत किया। लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी एकता को मजबूत करने के लिए हमने संक्षिप्त चर्चा की। वहीं नीतीश कुमार ने कहा, देश में बीजेपी जो कर रही है वो देश के हित में नहीं है इसलिए हम चाहते हैं कि सभी विपक्षी दल एक साथ हो। इसके लिए हमने आज बातचीत की और सभी दलों से भी बातचीत हुई है, सबकी सहमति हो रही है। हम सब एक साथ बैठकर निर्णय लेंगे। आज बहुत अच्छी चर्चा हुई और अब देश के हित में सब कुछ होने जा रहा है।

**पहलवानों ने मनाया ब्लैक डेः** भारतीय कुश्ती संघ अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरना दे रहे पहलवानों ने गुरुवार को काली पट्टी बांध ब्लैक डे मनाया और प्रदर्शन किया।

# सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सरकार की बड़ी जीत मिला ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली सरकार बनाम उपराज्यपाल के मामले में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग करने के अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अफसरों की ट्रांसफर पोस्टिंग पर दिल्ली सरकार का अधिकार है। ये दिल्ली सरकार की बड़ी जीत है। केंद्र और दिल्ली सरकार के बीच राष्ट्रीय राजधानी में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर लंबे समय चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने गुरुवार को विराम लगा दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि दिल्ली में जमीन, पुलिस और कानून-व्यवस्था को छोड़कर बाकी सारे प्रशासनिक फैसले लेने के लिए दिल्ली की सरकार स्वतंत्र होगी। अधिकारियों और कर्मचारियों का ट्रांसफर-पोस्टिंग भी कर पाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले से शिंदे गुट को राहत

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र राजनीतिक संकट मामले को लेकर फैसला सुनाया है। इससे शिंदे गुट को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने कहा कि वह विधायकों की अयोग्यता पर फैसला नहीं लेगा। इसके लिए स्पीकर को जल्द फैसला लेने का आदेश दिया गया है। कोर्ट ने कहा कि उद्धव ठाकरे ने फ्लोर टेस्ट का सामना नहीं किया, ऐसे में उनको बहाल नहीं किया जा सकता है।




## पीएम मोदी ने नेशनल टेक्नोलॉजी डे पर आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक परियोजनाओं का किया उद्घाटन, बोले-

# अटल जी के परमाणु परीक्षण की घोषणा को कभी नहीं भूल सकता

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में नेशनल टेक्नोलॉजी डे 2023 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक परियोजनाओं का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के 25वें वर्ष के समारोह के प्रारंभ का प्रतीक होगा, जो 11 से 14 मई तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कई वैज्ञानिक परियोजनाओं की आधारशिला रखी और स्मारक डाक टिकट व सिक्का भी जारी किया। पीएम मोदी ने समारोह में कहा, मैं उस दिन को कभी नहीं भूल सकता जब अटल जी ने भारत के सफल परमाणु परीक्षण की घोषणा की थी। इससे भारत ने न केवल अपने वैज्ञानिक सामर्थ्य को साबित किया था बल्कि भारत के वैश्विक कद को भी ऊंचाई दी थी। 2014 के बाद से भारत ने जिस तरह से साइंस और प्रौद्योगिकी पर जोर दिया है, जिसकी वजह से वह बड़े बदलावों का कारण बना है।

**रिक्शा वाले तक डिजिटल ओनरशिप का कर रहे यूजः** समारोह में प्रधानमंत्री ने कहा कि एक समय था जब टेक्नोलॉजी सामान्य भारतीय की पहुंच से बाहर थी, लेकिन भारत का यूपीआई आज अपनी सरलता की वजह से न्यू नॉर्मल बन गया है। आज रेहड़ी-पटरी वालों से लेकर रिक्शा वाले तक, डिजिटल ओनरशिप का उपयोग कर रहे हैं। आज भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और ये ग्रोथ उस समय में है जब दुनिया आर्थिक रूपांतरों के दौर से गुजर रही है। ये भारत का सामर्थ्य दिखाता है, भारत का टैलेंट दिखाता है। आज भारत हर उस दिशा में आगे बढ़ रहा है जो एक टेक लीडर कंट्री के लिए जरूरी होता है। 2014 में हमारे देश में करीब 150 के आस-पास ही इन्क्यूबेशन सेंटर थे, आज भारत में इन्क्यूबेशन सेंटरों की संख्या 650 भी पार कर चुकी है।

### बिंद टोली के समीप सुबह 11 बजे वारदात: मुठभेड़ में सिपाही सहित दो जख्मी, पुलिस कर रही पूछताछ

# आरा में पेट्रोल पंप मालिक से रुपए लूट भाग रहे थे बदमाश, पुलिस से हुई मुठभेड़; एक अपराधी धराया

- पुलिस ने बरामद किए लूटे गए 4.99 लाख रुपए, एसपी ने सील की सीमा
- अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी, वाहन चेकिंग तेज
- घटना में जख्मी सिपाही और अपराधी का कराया जा रहा इलाज



**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में गुरुवार की सुबह अपराधियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गयी। लूट की सूचना के बाद पीछा कर रही पुलिस पर अपराधियों की ओर से अंधाधुंध फायरिंग की गयी। जिसमें एक सिपाही के पेट में गोली लग गयी। उसके बाद पुलिस की ओर से भी जवाबी फायरिंग की गयी। उसमें एक अपराधी भी गोली लगने से जख्मी हो गया। उसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके पास से लूटे गए रुपए बरामद कर लिया। वह नगर थाने के रौजा मोहल्ले का रहने वाला बताया जा रहा है। सूचना के अनुसार उसके कमर के नीचे गोली लगी है। वहीं, जख्मी सिपाही का बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल व अपराधी का सदर अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। घटना नगर थाना क्षेत्र के बिंद टोली के समीप सुबह लगभग 11 बजे की है। जख्मी सिपाही मुंगेर के नया रामनगर थाना क्षेत्र के कंतपुरा गांव निवासी अर्जुन कुमार है। वह फिलहाल नगर थाने के चीता टीम में तैनात है।

बताया जा रहा है कि लूट की घटना नगर थाना के बगल में स्थित आर्य समाज मंदिर के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा में पैसे जमा करने गये पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन के साथ हुई। अपराधियों ने उनसे चार लाख 99 हजार पांच सौ रुपए लूटा था। सुशांत कुमार जैन नगर थाना क्षेत्र के जेल रोड के निवासी हैं। उनका नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा में पेट्रोल पंप है। वह अपने ड्राइवर के साथ बोलेरे गाड़ी से पेट्रोल पंप का चार लाख 98 हजार रुपए जमा करने गये थे। घटना की सूचना मिलते ही एसपी प्रमोद कुमार और एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंच गयी। पुलिस जख्मी लुटेरे से पूछताछ के आधार पर घटना में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान और धरपकड़ में जुटी है। उसे लेकर पूरे जिले में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। शहर सहित जिले की सभी सीमाओं को सील कर दिया गया है।

**बैंक में घुसने के दौरान अपराधियों ने पेट्रोल पंप मालिक पर बोला हमला :** पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन करीब 11 बजे पैसे जमा करने के लिए कतीरा स्थित अपने पंप से निकले थे। वह करीब 11 बजकर दस मिनट पर आर्य समाज मंदिर स्थित स्टेट बैंक पहुंचे। उनके पास बैग में चार लाख 98 हजार रुपए था। अपनी बोलेरो से उतरने के बाद उन्होंने जैसे ही बैंक में प्रवेश किया, तभी काले रंग का टीशर्ट पहने और नकाब लगाये एक अपराध उनपर पिस्टल भिड़ा दिया। उसके बाद वह उनका बैग छीन कर भाग निकला। तब उन्होंने अपने लाइसेंसी पिस्टल से उस पर फायरिंग की, लेकिन गोली उसे लगी नहीं। उसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू किया। तबतक चीता टीम, क्रॉस मोबाइल और नगर थाने की गश्ती टीम पहुंच गयी और अपराधी का पीछा किया जाने लगा। कुछ दूर बाद बिंद टोली में पुलिस की अपराधियों से मुठभेड़ हो गयी। उसे लेकर पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन की ओर से नगर थाने में प्राथमिकी भी दर्ज करा दी गयी है। उसमें कहा गया है कि वह रोज की तरह गुरुवार की सुबह पेट्रोल पंप के कलेक्शन का चार लाख 99 हजार रुपए जमा करने बैंक में जा रहे थे। उसके लिए वह कतीरा स्थित पेट्रोल पंप से अपनी बोलेरो से ड्राइवर शंभू चौधरी के साथ सुबह करीब 11 बजे निकले थे।

> "बैंक में पैसे जमा करने गये एक पेट्रोल पंप मालिक से लूट की सूचना पर पुलिस लुटेरों का पीछा कर रही थी। तब अपराधियों की ओर से फायरिंग की जाने लगी। उसमें एक सिपाही को गोली लग गयी। उसके बाद पुलिस की ओर से कार्रवाई में एक अपराधी को भी गोली लगी है। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास से लूटा गया सारा पैसा भी बरामद कर लिया गया है। घटना में शामिल अन्य अपराधियों की पहचान की जा रही है। शुरूआती जांच में पेट्रोल पंप की गाड़ी में सवार एक शख्स पर लूट में लाइनर का काम करने की बात सामने आयी है।
>
> - प्रमोद कुमार, एसपी, भोजपुर

## लुटेरों की घेराबंदी करने में मोहल्ले के लोगों की भूमिका सराहनीय

आरा। गुरुवार की सुबह पेट्रोल पंप मालिक, चीता एवं क्रॉस मोबाइल के जवान और शहरवासियों की दिलेरी लुटेरों पर भारी पड़ गयी। अपराधी लूट के बाद भागने के दौरान पूरे रास्ते फायरिंग करते रहे और जांबाज सिपाही और पेट्रोल पंप मालिक जान की बाजी लगाकर पीछा करते रहे। लुटेरे करीब एक किलोमीटर तक फायरिंग करता रहा। बावजूद उसके पेट्रोल पंप मालिक व जवान अपराधी का पीछा करते रहे। अंततः मुठभेड़ के बाद एक लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लुटेरे के पास से लूटा गया पेट्रोल पंप मालिक का करीब पांच लाख रुपए भी बरामद कर लिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों ओर से करीब 20 से 30 राउंड गोलियां चली। उससे पूरा इलाका गोलियां की तड़तड़ाहट से गुंजता रहा। उसके बाद भी लोग लुटेरों का पीछे डटे रहे। बताते चलें कि सुबह करीब 11 बजे नगर थाने से सटे आर्य समाज मंदिर के पास स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में एक अपराधी हथियार के बल पर पेट्रोल पंप मालिक सुशांत कुमार जैन से चार लाख 99 हजार रुपए छीन लेता है। बिना समय गंवाए पेट्रोल पंप मालिक लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग करता है। उसे देख लूटेरे फायरिंग करते भागने लगते हैं। उस दौरान चीता और क्रॉस मोबाइल के जवान पहुंचते हैं। उसके बाद जांबाज सिपाही अर्जुन कुमार पेट्रोल पंप मालिक के साथ बाइक से ही लुटेरे का पीछा करता है। लुटेरे बिंदटोली की ओर पैदल ही भागते हैं। उस दौरान पुलिस पर लगातार फायरिंग भी की जाती है। करीब एक किलोमीटर तक खदेड़ा-खदेड़ी चलती है।

तबतक थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम भी पहुंच जाती है। दोनों ओर से घेराबंदी की जाती है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मीरगंज निवासी मुन्नु सिंह सहित अन्य लोग भी लुटेरों की घेराबंदी करते हैं। अपने को चारों ओर से घिरता देख लुटेरे एक नाले के पास झाड़ी में छिप कर पुलिस टीम पर गोलियां चलाने लगते हैं। उसमें सिपाही अर्जुन कुमार को गोली लग जाती है।

## पेट्रोल पंप मालिक की गाड़ी में बैठा शख्स दे रहा था अपराधियों को लोकेशन

पुलिसिया जांच में पता चला कि पेट्रोल पंप मालिक से लूट में उनका ही एक नजदीकी का हाथ है। वह उनकी गाड़ी से ही अपराधियों को लोकेशन शेयर कर रहा था। पुलिस की शुरूआती जांच में यह बात सामने आयी है। उस आधार पर पुलिस ने पेट्रोल पंप की गाड़ी के चालक से पूछताछ कर रही है। एसपी की ओर से भी इस बात के संकेत दिए गये हैं। उनका कहना है कि पेट्रोल पंप मालिक की गाड़ी में बैठा शख्स ही अपराधियों के साथ लाइनअप था। वह पेट्रोल पंप मालिक की हर गतिविधि की सूचना अपराधी को दे रहा था। एसपी के अनुसार गिरफ्तार अपराधी द्वारा भी शुरूआती पूछताछ में इस बात को स्वीकार किया गया है। एसपी का कहना है गिरफ्तार अपराधी से पूछताछ कर पूरी घटना में शामिल बदमशों की पहचान की जा रही है। उसके अलावे वहीं सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल सर्विलांस के जरिए भी पुलिस अपराधियों का क्लू लेने का प्रयास कर रही है। उसके लिए डीआईयू टीम की मदद ली जा रही है।


घटना के बाद जवानों के साथ बैंक पहुंचे भोजपुर एसपी


घटना के बाद जख्मी जवान का इलाज करते चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी


घटना के बाद सदर अस्पताल में इलाजरत जख्मी अपराधी

## फूस के घर में अगलगी में झुलसे सो रहे दो दिव्यांग भाई, एक की मौत

**आरा।** जिले के संदेश थाना क्षेत्र के पिंजरोई गांव में बुधवार की रात फूस के एक मकान में आग लग गई। जिसमें दो दिव्यांग भाई झुलस गए। उसमें एक की इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल की सर्जिकल वार्ड में गुरुवार की सुबह मौत हो गयी। मृत अधेड़ पिंजरोई गांव निवासी पुलिस सिंह के 50 वर्षीय पुत्र दिनेश सिंह थे। झुलसे उनके भाई उपेंद्र सिंह हैं।

हालांकि आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना को लेकर अफरातफरी मची रही। मृतक के छोटे भाई जीतेंद्र सिंह ने बताया कि उनके दो भाई दिव्यांग है। बुधवार की रात दोनों भाई फुस के मकान में सोए थे। देर रात अचानक घर में आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप पकड़ लिया और पूरा घर धू-धूकर जलने लगा। उसके बाद आसपास के लोगों द्वारा शोर मचाना शुरू किया। शोर सुन वह वहां पहुंचे, तो देखा कि मकान पूरी तरह जलकर राख हो गया है। दोनों भाई उसमें फंसे थे। एक भाई ने तो किसी तरह भाग कर अपनी जान बचा ली, लेकिन दूसरे भाई बुरी तरह झुलस गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए संदेश से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां गुरुवार की सुबह करीब नौ बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया गया।

## बिजली के पोल से टकरायी अनियंत्रित ऑटो महिला की मौत, चालक समेत छह लोग जख्मी

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप आरा-मोहनियां नेशनल हाईवे पर बुधवार की रात एक अनियंत्रित ऑटो बिजली के पोल से टकरा गई। जिसमें एक महिला की मौत हो गई। वहीं, घटना में चालक समेत छह लोग जख्मी हो गए। घटना तब हुई जब पूरा परिवार एक रिश्तेदार के घर में शादी समारोह से लौट रहा था। जख्मी लोगों में मृत महिला के बेटे, बेटी, भतीजे और भांजे भी शामिल हैं। जिनका इलाज जगदीशपुर के अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत महिला चरपोखरी थाना क्षेत्र के भलुआना गांव निवासी फेकू राम की 43 वषीर्या पत्नी अगहनिया देवी थी। घायलों में उनका बेटा अनिल कुमार, बेटी विजयंती



देवी, भांजा गोविंद कुमार, भतीजा आकाश कुमार, विकास कुमार और ऑटो चालक शामिल है।

बताया जा रहा है कि घटना के दौरान चालक मोबाइल पर बात कर रहा था। जिसके कारण यह हादसा हुआ। वहीं, फेंकू राम की बहू प्रभावती देवी ने बताया कि उनकी भांजी गुड़िया की शादी थी। उसमें भाग लेने के लिए जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव गए थे। बुधवार की रात सभी ऑटो पर सवार होकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। उस बीच चालक की लापरवाही के कारण दुलौर के समीप ऑटो अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गया। उसमें सभी लोग जख्मी हो गए। उसके बाद सभी को इलाज के लिए जगदीशपुर रेफरल अस्पताल ले जाया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी सास की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और पोस्टमार्टम करवाया गया। वहीं जख्मी सभी लोगों का हादसे के बाद महिला और उसके भांजे के घर कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि महिला को दो पुत्र मुन्ना कुमार, अनिल कुमार और एक पुत्री विजयंती देवी है।

# जीएनएम स्नेहा रूंदा को आज मिलेगा फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्सिंग अवार्ड

- नर्सिंग डे विशेष: 12 मई को हुआ था फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म

**केटी न्यूज/गया**

नर्सिंग के काम को मानव सेवा के रूप में बहुत सम्मानित नजरिए से देखा जाता है। इस क्षेत्र में काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित भी किया जाता है। उनके कार्यों को सम्मान देने तथा उनके प्रोत्साहन के लिए प्रत्येक वर्ष 12 मई को नर्सिंग डे मनाया जाता है।

यह दिवस विशेष रूप से नर्सों के लिए समर्पित है। इस दिन ही मानवता की निःस्वार्थ सेवा करेन वाली नर्स फ्लोरेंस नाइटिगेल का जन्मदिन हुआ था। फ्लोरेंस नाटिंगेल को लेडी विद द लैंप के उपनाम से भी जाना जाता है। वह रात के अंधेरे में लालटेन की रोशनी में



घायल सैनिकों की सेवा करती थीं। वह एक ऐसी नर्स रही हैं जो जंग में घायल मरीजों के लिए मसीहा के समान थीं। उन्होंने भारत सहित विश्व के कई युद्ध क्षेत्रों तथा आकालग्रस्त इलाकों में काम किया और लोगों की नर्सिंग के माध्यम से मदद की। सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने बताया कि नर्सिंग के क्षेत्र में बेहतर काम करने के लिए जिला के डुमरिया प्रखंड के पीएचसी पर कार्यरत जीएनएम स्नेहा रूंदा को राज्य स्तरीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल अवार्ड के लिए चयनित किया गया है. इसके लिए उन्होंने जीएनएम को बधाई दी है।

**स्नेहा रूंदा को फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्सेज पुरस्कार:** जिला की डुमरिया प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर काम करने वाली जीएनएम स्नेहा रूंदा को राज्य स्तरीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल नर्सेज पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह पुरस्कार उनके उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के प्रदान करने के लिए किया जा रहा है। पटना में एक कार्यक्रम का आयोजन कर उपमुख्यमंत्री सह मंत्री स्वास्थ्य विभाग द्वारा उन्हें सम्मानित किया जाना है। इस मौके पर उन्हें मेडल के साथ प्रशस्ति पत्र भी दिया जायेगा।

**दस सालों से दे रही नर्सिंग के क्षेत्र में अपनी सेवा:** स्नेहा रूंदा डुमरिया प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते आठ वर्ष से काम कर रही हैं। इससे पूर्व वह अपोलो अस्पताल में दो वर्ष तक काम कर चुकी हैं। डुमरिया जैसे नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र में वह अब परिचय की मोहताज नहीं हैं। उनका कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस प्रकार का सम्मान मिलना खुशनसीबी है। वह बताती हैं कि आठ साल पूर्व जब यहां आयी थीं तब शुरूआती भाषायी दिक्कत का सामाना किया लेकिन धीरे धीरे लोगों से घुलमिल गयी और सेवा में लग गयीं। रांची जैसे शहर से यहां ग्रामीण क्षेत्र में सेवा देना शुरूआती दौर में कठिन लगा, लेकिन धीरे-धीरे यहां का हिस्सा हो गयी। स्वास्थ्य केंद्र पर उन्हें लेबर रूम की जिम्मेदारी दी गयी जहां ग्रामीण महिलाएं प्रसव के लिए आती हैं। इसलिए यहां गर्भवती महिलाओं को बेहतर से बेहतर सेवा देना प्राथमिकता में रखा। इसके अलावा समय समय पर हेल्थ कैंप में हमेशा हिस्सा लिया।

## एक नजर

### हर्ष फायरिंग के दौरान बुजुर्ग महिला के पैर में लगी गोली, जांच में जुटी पुलिस

**आरा।** जिले के सहार थाना क्षेत्र के एकवारी गांव में बुधवार की देर रात हर्ष फायरिंग के दौरान शादी समारोह से लौट रही एक बुजुर्ग महिला को गोली लग गयी। जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गयी। गोली उसके बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी है। उनका इलाज के लिए आरा शहर के बाबू बाजार स्थित प्राइवेट हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी महिला एकवारी गांव निवासी योगेंद्र सिंह की 60 वषीर्या पत्नी उमरावती देवी है। बताया जा रहा है कि बुधवार रात एकवारी गांव में बारात आयी थी। उमरावती देवी अपने परिवार के सदस्यों के साथ कमलेश सिंह के घर उनकी बेटी की शादी में गई थी। देर रात वह अपने घर के लोगों के साथ शादी समारोह से लौट रही थी। उस समय रास्ते में कुछ बारात भी गुजर रही थी। उसमें एक बाराती की ओर से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। तभी एक गोली उमरावती देवी के बाएं पैर मे गोली लग गयी। उससे वह खून से लथपथ होकर जख्मी हालत पर जमीन पर गिर पड़ी। उसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया। हालांकि घटना के संबंध में महिला और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा कुछ भी बताने से इनकार किया जा रहा है। इधर, पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। एसडीपीओ राहुल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अबतक की जांच में हर्ष फायरिंग में ही गोली लगने की बात सामने आ रही है। दूसरी बारात में आये लोगों पर हर्ष फायरिंग करने का आरोप लगाया जा रहा है। वहीं इलाज कर रहे डा. विकास सिंह ने बताया कि बृद्ध महिला को गोली बाएं पैर में घुटने के नीचे लगी थी। उसके कारण खून काफी बह गया था। ऑपरेशन कर गोली निकाल दी गई है। जिसके बाद महिला की स्थिति सामन्य है।



### साले के बेटे की शादी से लौट रहे रिटायर रेलवे टीसीएम ट्रेन से गिरे, हुई मौत

**आरा।** आरा रेलवे स्टेशन के एक नंबर प्लेटफार्म के पूर्वी छोर के समीप गुरुवार की सुबह ट्रेन से गिरकर रेलवे के एक रिटायर टीसीएम की मौत हो गयी। मृतक पटना के विक्रम थाना क्षेत्र के मोरियांवा गांव निवासी राम किशुन पासवान थे। वह राजस्थान के बीकानेर से साल 2015 में रिटायर हुए थे। वह साले के बेटे की शादी में भाग लेने नवादा थाना क्षेत्र के बहिरो गांव आये थे। रेल पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उनके भतीजे अमन कुमार ने बताया कि बुधवार को वह बुधवार को अपने साले कपिल पासवान के बेटे विकास पासवान की शादी में बहिरो गांव स्थित अपने ससुराल आरा के बहिरो आये थे। गुरुवार की सुबह वह पैसेंजर ट्रेन से वापस अपने गांव लौट रहे थे। उसी दौरान आरा रेलवे स्टेशन के पूर्वी छोर के समीप ट्रेन पर चढ़ने के दौरान पैर फिसल गया। उस कारण वह ट्रेन से गिर पड़े, जिससे उनकी मौत हो गयी। उनके पॉकेट से मिले आई कार्ड के जरिए उनकी पहचान हुई। उसके बाद आरा रेल थाना द्वारा इसकी हादसे की सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि रिटायर टीसीएम अपने तीन भाई और एक बहन में दूसरे स्थान पर थे। उनको दो पुत्र सप्पू पासवान और अमर पासवान है। उनकी पत्नी देवकली देवी की मृत्यु वर्ष 2020 में बीमारी के कारण हो गई थी। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।



### शादी का भोज खाने के बाद दर्जनभर लोगों की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में भर्ती

**जहानाबाद।** जिले के शिकारिया स्थित धनौती गांव के शादी समारोह में भोज खाने के बाद कई लोगों की तबीयत बिगड़ गई है। जहां एक के बाद एक कई लोगों के बीमार होने के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। स्थिति बिगड़ती देत आनन फानन में सभी बीमार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सदर प्रखंड के सिकरिया ओपी क्षेत्र के धनौती गांव की है। जिसमें बताया जा रहा है कि धनौती गांव निवासी प्रलोकी महतो के घर बुधवार की रात गया के सदोपुर से बारात आई थी। बारातियों के साथ साथ गांव के लोगों ने भी भोज का जमकर लुत्फ उठाया था। खाना खाने के बाद जब ग्रामीण घर पहुंचे तो उनकी तबीतय बिगड़ने लगी। एक साथ कई लोगों को पेट दर्द और उल्टी की शिकायत होने के बाद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। करीब एक दर्जन से अधिक लोगों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। बीमार लोगों में कुछ की हालत ज्यादा खराब है। हालांकि डॉक्टरों ने कहा है कि फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं। संभावना जताई जा रही है कि बीमार लोगों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। फिलहाल भर्ती लोगों का इलाज चल रहा है।



### स्टेट बैंक के समीप अपराधियों ने सामाजिक कार्यकर्ता को गोली मारकर की हत्या

**जहानाबाद।** जिले के स्टेट बैंक के समीप अज्ञात अपराधियों ने सामाजिक कार्यकर्ता को गोलीमार कर हत्या कर दी। घटना गुरूवार की देर शाम लगभग आठ बजे की है। जब इनके रिश्तेदार किसी मामले में पुलिस ने पकड़ लिया था। जिसे छुड़ाने के लिए जहानाबाद नगर थाने उसी दौरान फिरोज अहम 35 पिता स्वर्गीय मो. मजहर ड्राईवर को अज्ञात बाइक सवार युवकों ने गोली मार दी। जिससे उनकी मौत घटना स्थल पर ही हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद घर में कोहराम मच गया। घटना क्यों हुई कैसे हुई अभी कुछ भी बताने के स्थिति में परिजन व पुलिस नहीं है। घटना के बाद नगर क्षेत्र में तनाव कि स्थिति बनी हुई। फिरोल जहानाबाद ईदगाह कमेटी के सदस्य है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थानाध्यक्ष निखिल कुमार टीम के साथ पहुंचे और जांच में जूट गए। वहीं तनाव की स्थिति को देखते हुए एसडीपीओ राजीव कुमार पहुंचे स्थिति को संभालने की कोशिश कर रहे है। उन्होंने बताया कि घटना कैसे क्यों हुई है। इसके बारे में परिजनों से जानकारी जुटाई जा रही है। नगर में लगे सीसीटीवी फुटेज घंघाल कर अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है।



## खबरें फटाफट

### शराब पीकर हंगामा करते दो गिरफ्तार

**नावानगर।** शराब पीकर हंगामा करते दो युवक को पुलिस ने मणियां गांव से गिरफ्तार कर बुधवार को कोर्ट भेज दिया। गिरफ्तार दोनों शराबी गांव के संजय सिंह एवं अजीत कुमार है। इसकी पुष्टि करते हुए सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि दोनों शराबी युवक नशे की हालत में गांव की एक ही गली में हंगामा मचा रहे थे। जिसकी सूचना आस पास के लोगों ने पुलिस को दिया। सूचना पर ओपीध्यक्ष ने उक्त स्थान पहुंच दोनों शराबी युवक को गिरफ्तार कर नावानगर सीएचसी में मेडिकल जांच कराया। मेडिकल जांच में चिकित्सक ने दोनों युवक को अल्कोहल सेवन की पुष्टि की। जिसके बाद सोनवर्षा ओपी पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को कोर्ट भेज दिया।

### अगलगी से तीन किसानों की पुआल की ढेर जलकर राख

**नावानगर।** स्थानीय प्रखंड अंतर्गत वैना पंचायत के बाली गांव में एक खलिहान में अगलगी से तीन किसानों की पुआल की ढेर जलकर राख हो गई। हालांकि आग पर काबू पाने के लिए ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया। यहां तक की सूचना पर दमकल की वाहन भी पहुंच चुकी थी। पर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इस अगलगी में बाली गांव निवासी सह पूर्व मुखिया बीरेंद्र चौधरी, लालकेश्वर साह, राजेंद्र चौधरी के पुआल की ढेर जलकर बर्बाद हो गया। इस अगलगी से पीड़ित किसानों के सामने पशु चारा की समस्या उत्पन्न हो गई। पीड़ित किसान बीरेंद्र चौधरी ने बताया कि खेत में किसी ने गेहूं की डंठल आग लगा दिया था। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैल गई। जो खलिहान तक पहुंच पुआल की ढेर को अपने आगोश में ले लिया। उन्होंने बताया कि तीनों किसानों को मिलाकर दस बीघा के पुआल की ढेर थी। जिसे दो दिन बाद चारा मशीन से काटने की तैयारी थी। इस संबंध में सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया खलिहान में आग लगने की ग्रामीणों ने मौखिक सूचना दिया है। लिखित शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# लोगों पर चढ़ा चुनावी रंग... आईपीएल के उत्साह पर भारी पड़ रहा लोकतंत्र का महापर्व

- नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही आईपीएल की चर्चाएं अब गौण हो गई हैं
- चाय-पान की दुकानों पर मैच के बदले चेयरमैन व उप चेयरमैन के प्रत्याशियों की चर्चा अधिक

**केटी न्यूज/डुमरांव**



अभी पिछले सप्ताह तक डुमरांव के चौक चौराहों पर इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) की चर्चा हो रही थी। सुबह से लेकर शाम तक सूर्या की बैटिंग, धोनी की कप्तानी, आईपीएल 2023 में चमक बिखेरने वाले युवा सितारों के कौशल की चर्चा करते लोग थकते नहीं थे। बड़ी संख्या में लोग ड्रीम इलेवन पर टीम भी बनाते थे। लेकिन नगर निकाय चुनाव की घोषणा होने के बाद से ही आईपीएल की चर्चाएं अब गौण हो गई हैं। चाय पान की दुकानों पर पिछली रात के रोमांचक मैच के बदले चेयरमैन व उप चेयरमैन के प्रत्याशियों की चर्चा अधिक हो रही है। लोग चुनावी रंग में रंग चुके हैं। हर जगह प्रत्याशियों के गुण अवगुण तथा हार जीत पर दांव लगाए जा रहे हैं। जबकि पिछले सप्ताह तक यह दांव अपने फेवरेट टीमों के जीत हार पर लगाए जा रहे थे।

लोगों का कहना है कि आईपीएल तो हर साल होता है लेकिन लोकतंत्र का यह महापर्व पांच सालों के बाद आता है। यही कारण है कि लोकतंत्र के इस महापर्व के आगे आईपीएल का उत्साह अब कम पड़ गया है। खास यह कि क्रिकेट के प्रति दीवानगी रखने वालें युवा भी अब आइपीएल से अधिक नगर निकाय चुनाव को तरजीह दे रहे हैं। जिस कारण चौक चौराहों तथा नुक्कड़ों पर होने वाली चचाओं का विषय बदल गया है। अल सुबह से देर रात तक लोग चुनाव पर चर्चा करते नजर आ रहे हैं। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से चल रही भयंकर लू के कारण दोपहर में बाजार में सन्नाटा पसर जा रहा था। लेकिन सियासी तपिश के आगे आग उगलते सूरज तथा बदन को झुलसाने वाली लू का कहर भी कम लगने लगा है। दोपहर में भी प्रत्याशियों तथा उनके समर्थकों का हुजूम सड़कों पर दिखाई पड़ रहा है।

### चौक चौराहों पर सज रही चौपाल, लग रही लोगों की भीड़

आईपीएल अब अपने समापन की तरफ है। इस भीषण गर्मी के मौसम में लोग आईपीएल देखने के लिए शाम ढलते ही घरों में दुबक जाते थे। लेकिन चुनावी चर्चा होने के बाद से ही लोग अब शाम होने के बाद चौक चौराहों पर निकल रहे है। चाय पान की दुकानों तथा चौक चौराहों पर लोगों का चौपाल सज रहा है। जहा चुनाव पर खुलकर चर्चा हो रही है। दिलचस्प यह है कि इस चर्चा में बुजुर्गों के साथ ही युवा भी भाग ले रहे है। नगर परिषद के नये सरकार के गठन में युवाओं की दिलस्पी लोकतंत्र के सुखद भविष्य का संकेत कर रही है। बता दें कि इस बार के चुनाव में चेयरमैन, वाइस चेयरमैन तथा वार्ड पार्षद पदों के प्रत्याशियों के रूप में अबतक जो चेहरे सामने आए हैं उनमें अधिकांश युवा हैं। राजनीतिक प्रेक्षक नगर परिषद चुनाव के बहाने युवाओं में राजनीति के प्रति बढ़ी दिलचस्पी को लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए बेहतर मान रहे हैं। 9 जून को मतदान होगा जबकि 11 जून को नतीजा आएगा।

## नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए प्रशासन ने कसी कमर

# उपद्रवियों पर कसी नकेल, 67 लोगों पर धारा 107 लगाने का भेजा गया प्रस्ताव

- 110 बंध पत्र भरवाने के लिए किया जा रहा है चिन्हित, अपराधियों की गतिविधियों पर पुलिस की पैनी नजर
- नया भोजपुर ओपी ने 45 जबकि डुमरांव पुलिस ने 22 पर निषेधात्मक कार्रवाई के तहत 107 की अनुशंसा की

**केटी न्यूज/डुमरांव**

नगर परिषद चुनाव को शांतिपूर्ण निपटाने के लिए पुलिस प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी हैं। इसके तहत अपराधियों तथा तस्करों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही हैं। पुलिस समय रहते चुनाव में हिंसा फैलाने वालों तथा उपद्रवी तत्वों के से निपटने की न सिर्फ रणनीति बना चुकी हैं बल्कि उस पर काम भी शुरू कर चुकी हैं। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र डुमरांव थाना तथा नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आता है। अबतक दोनों थाना क्षेत्रों से कुल 67 लोगों पर 107 लगाने की अनुशंसा की गई है।

जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओपी ने 45 जबकि डुमरांव पुलिस 22 पर निषेधात्मक कार्रवाई के तहत 107 की अनुशंसा कर चुकी है। अन्य लोगों को चिन्हित किया जा रहा है। वही गुंडा एक्ट के लिए अपराधियों की पहचान की जा रही है। उनसे धारा 110 के तहत बंध पत्र भरवाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर चुनाव के दिन उन्हें जिला बदर भी किया जाएगा। डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बताया कि राजैनतिक अपराधियों, कुख्यातों तथा तस्करों की पहचान की जा रही है। उनपर धारा 107 या 110 के तहत कार्रवाई की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि जेल से बाहर निकले अपराधियों व तस्करों की गतिविधि पर भी पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस समय रहते उनपर कार्रवाई करेगी। ताकी चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराया जा सके। एसडीपीओ ने कहा कि इसके अलावे शराब व मादक पदार्थों की तस्करी पर लगाम लगाने के लिए भी सख्त निर्देश दिया गया है। पुलिस को हर दिन नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने को कहा गया है।



बाजार समिति स्थित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य



### डीएम ने ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का किया निरीक्षण

डुमरांव तथा इटाढ़ी में होने वाले निकाय चुनाव के पहले जिला प्रशासन की कवायदें बढ़ गई हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला निवार्ची पदाधिकारी सह डीएम अंशुल अग्रवाल ने सदर प्रखंड परिसर स्थित नवनिर्मित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के दिशा निदेर्शों के तहत वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरे तथा अग्निशमन यंत्रों की जांच पड़ताल भी की तथा संतोष जताया। उन्होंने वेयरहाउस की नियमित साफ सफाई करवाने तथा बिजली आपूर्ति व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश उप निर्वाचन पदाधिकारी को दिये। डीएम ने कहा कि नगर निकाय चुनाव ईवीएम मशीन से ही करवाया जाना है। उन्होंने अपने मातहतों को समय रहते सारी तैयारी दुरूस्त करने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐन चुनाव के दिन किसी तरह की दिक्कत नहीं आनी चाहिए। इसके लिए हमे पहले से तैयार रहना होगा। बता दें कि डुमरांव नगर परिषद व नव गठित इटाढ़ी नगर पंचायत में 9 जून को मतदान होगा। इसको लेकर प्रशासन की तैयारियां भी तेज हो गई है। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी एवं भवन प्रमंडल विभाग के कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे।

## एक नजर

### नामांकन के तीसरे दिन खुला खाता, वार्ड पार्षद के चार प्रत्याशियों ने भरा नामजदगी का पर्चा



**डुमरांव।** नगर पर्षद चुनाव को लेकर डुमरांव अनुमंडल मुख्यालय में नामांकन के तीसरे दिन खाता खुला और वार्ड पार्षद पद के लिए चार उम्मीदवारों ने अलग-अलग वार्डों से नामजदगी का पर्चा भर नामांकन की शुरूआत की है। इसके पहले दो दिनों तक किसी प्रत्याशी ने नामांकन फार्म नहीं भरा था। गुरूवार को नामांकन की शुरूआत होते ही अनुमंडल कार्यालय प्रत्याशियों व उनके समर्थकों से गुलजार हो गया। इस दौरान प्रत्याशियों और समर्थकों के बीच उत्साह बना रहा। निर्वाचन कोषांग से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 18 से अनु कुमारी, वार्ड 19 से शाह मोहम्मद, वार्ड 23 से जियाउल हक और वार्ड 26 से सजबुनि निशा ने अपना पर्चा दाखिल किया। अनुमंडल कार्यालय में एनआर कटाने के लिए भीड़ लगी रही। वहीं नगर पर्षद में नो डियूज लेने के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पर्चा दाखिल करने वाले उम्मीद्वार अपने कागजात दुरुस्त कराने के लिए भाग-दौड़ लगा रहे है। नामांकन के दौरान पुलिस-प्रशासन की कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था बनी रही। बैरिकेटिंग के अंदर केवल प्रत्याशी और प्रस्तावक को ही आने की अनुमति मिली। अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीएम कुमार पंकज ने कई बार विधि-व्यवस्था को लेकर जायजा लिया और तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे।

### डुमरांव एसडीपीओ ने दिखाई मानवता, सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक को पहुंचाया अस्पताल



**डुमरांव।** डुमरांव के नये एसडीपीओ अफाक अंसारी ने बुधवार की देर शाम मानवता व कर्तव्यनिष्ठा की मिशाल पेश करते हुए गंभीर रूप से जख्मी एक युवक को न सिर्फ अस्पताल पहुंचाया बल्कि अपने स्तर से उसके परिजनों को सूचना भी दी। घटना सिमरी थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार सिमरी के पास इसी थाना क्षेत्र के सहियार निवासी मनीष पासवान पिता तपेश्वर पासवान नामक एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। वह सड़क पर गिरकर छटपटा रहा था। लोग तमाशबीन बने रहे। संयोग से इसी दौरान डुमरांव एसडीपीओ अफाक अंसारी उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने जख्मी युवक को तत्काल अपनी गाड़ी में बैठा सिमरी पीएचसी पहुंचाया। इसके बाद उन्होंने उसके परिजनों को जानकारी भी दी। पीएचसी में युवक के प्राथमिक इलाज तक एसडीपीओ मौजूद रहे। उन्होंने लोगों से सड़क दुर्घटना में जख्मी लोगों की तत्काल मदद करने तथा नजदीकी अस्पताल में पहुंचाने की अपील भी की। वहीं एसडीपीओ के इस व्यवहार तथा सहदयता के कायल पीड़ित युवक तथा उसके ने एसडीपीओ के प्रति कृतज्ञता जताई। वहीं जानकारी के अनुसार प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत स्थिर बनी हुई है।

### बागेश्वर धाम सरकार के कार्यक्रम में शामिल होने बक्सर से रवाना हुआ साधु संतों का दल

**बक्सर।** बक्सर के साधु संतो का जत्था गुरूवार को राजधानी पटना के लिए रवाना हुआ। यह जत्था पटना के नौबतपुर में आयोजित हो रहे बागेश्वर धाम वाले बाबा धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम में शामिल होगा। बता दें कि इस कार्यक्रम को ले बिहार की सियासत भी गरमा गई है। वही साधु संतों के अलावा उनके भक्तों में भी उत्साह का माहौल बना हुआ है। धीरेन्द्र शास्त्री पटना में 13 से 17 मई तक रहेंगे। बक्सर से रवाना हुए साधु संतों की टोली का नेतृत्व श्री जीयर मठ के मठाधीश श्री श्री 1008 श्री गंगापुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज कर रहे है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के सनातनधर्मावलंबियों तथा प्रेमियों के लिए बड़ा अवसर है। इसमें सभी को शामिल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री जी बक्सर भी आने वाले है वे 30 अक्टूबर से 4 नवंबर तक बक्सर जिले के राजपुर प्रखंड के पीपराढ गांव में आयोजित हो रहे श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ सह अंतर्राष्ट्रीय धर्म महासम्मेलन में शामिल होने आएंगे है। इसकी तैयारियां अभी से शुरू कर दी गई है। बागेश्वर धाम सरकार एक से चार मई तक यहा रहेंगे। इस दौरान वे बक्सर के पीपराढ़ में चार दिनों तक दरबार लगाकर न केवल हनुमंत कथा करेंगे बल्कि भक्तों की समस्याओं को भी सुनेंगे।

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ : वैदिक विधान से किया गया अरिण मंथन व पंचांग पूजन

**डुमरांव।** चुआड़ गांव में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में गुरूवार को वैदिक विधान से पंचांग पूजन व अरिणी मंथन किया गया। इस दौरान वैद्दिक विद्वानों द्वारा किए जा रहे मंत्रोच्चार से इलाका गूंजायमान रहा। हालांकि गुरूवार को परम पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज एक धार्मिक आयोजन में औरंगाबाद चले गए थे। यज्ञाचार्य पंडित रामांकांत त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक विधान से यज्ञ कुंड में अग्नि प्रज्जवलित की गई। इसके बाद यज्ञ के विधानों को पूरे दिन निर्धारित समय के अनुसार संचालित किया गया। गुरूवार को ही महायज्ञ परिसर में उपस्थित साधु संतो द्वारा मंडप परिक्रमा की शुरूआत की गई। इधर यज्ञ स्थल से हो रहे मंत्रोच्चार तथा महिलाओं द्वारा गाए जा रहे मांगलिक गीतों से इलाके का माहौल भक्तिमय बन गया है।

# डुमरांव में मानक के अनुरूप नहीं बने हैं नालियों के स्लैब और पुलिया

- आए दिन हो रही दुर्घटना, नगर परिषद प्रशासन बेफिक्र

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में नालियों के स्लैब तथा पुलिया मानक के तहत नहीं बनाए गए हैं। जिसका खामियाजा अक्सर वाहन चालकों तथा राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। देर शाम एक ऐसा ही मामला नगर के ढेलवानी मोहल्ले में देखने को मिला लालाटोली ढेलवानी मोड़ पर एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में ई रिक्शा पर सवार कुल चार लोग जख्मी हो गए।

जानकारी के अनुसार ई रिक्शा ढेलवानी मोहल्ले से राजगढ़ चौक की तरफ जा रहा था। उस पर चौक रोड के सुजीत कुमार केशरी, उनकी पत्नी समेत कुल चार लोग सवार थे, जिन्हें चोटें आई हैं। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं लगी है। प्राथमिक इलाज के बाद सभी अपने घर चले गए है। बताया जाता है कि ढेलवानी मोड़ के पास नाली के स्लैब के उपर मानक से उंची पुलिया का निर्माण कर दिया गया है। इसी कारण ई रिक्शा पलटा है। गौरतलब है कि ढेलवानी मोड़ के अलावे शहर के कई पुलियों तथा स्लैबों का निर्माण गुणवत्ता के मानक पर नहीं किया गया है। जिस कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। ढेलवानी मोड़ के अलावे चुड़ी बाजार बनी झमन की पुलियां समेत दर्जनों पुलिया ऐसी है जिसकों पार करने के दौरान दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

### आठ साल बाद दुष्कर्म पीड़िता को मिला इंसाफ

**बक्सर।** आठ साल बाद दुष्कर्म पीड़िता दो बहनों को इंसाफ मिल गया है। बक्सर पॉस्को कोर्ट ने दो नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में आरोपी समेत उसके माता-पिता को भी सजा सुनाया है। कोर्ट ने सजा के साथ आर्थिक दंड भी लगाया है। जानकारी के मुताबिक वर्ष 2015 में ब्रह्मपुर के नैनीजोर थाना क्षेत्र में दो नाबालिक सगी बहनों के साथ पड़ोस के एक युवक ने दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस जांच में दुष्कर्म के इस वारदात में आरोपी युवक के माता पिता की संलिप्तता भी मिली थी। पास्को कोर्ट के सत्र न्यायाधीश विवेक राय ने पुलिस और दोनों पक्षों के गवाहों के सुनने के बाद आरोपित को मामले में दोषी पाया। जिसमें अलग-अलग धाराओं के तहत सजा सुनाई।

# बक्सर एसपी ने क्राइम मीटिंग में थानेदारों को जिले में अपराध नियंत्रण का दिया निर्देश

- पांच घंटे से अधिक चला क्राइम मीटिंग, डुमरांव व इटाढ़ी चुनाव पर भी हुई चर्चा

**केटी न्यूज/बक्सर**



एसपी मनीष कुमार अपराध नियंत्रण व शराब तथा मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सख्त हो गए है। गुरूवार को उन्होंने क्राइम मीटिंग में जिलेभर के थानेदारों को अपने अपने इलाके में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने, अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा शराब व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने का सख्त निर्देश दिए। शाम चार बजे शुरू हुआ क्राइम मीटिंग रात नौ बजे तक जारी था।

जानकारी के अनुसार इस दौरान वे सभी थानाध्यक्षों से बारी बारी से उनके थाना में लंबित कांडो तथा अपराधिक घटनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी ले रहे थे। वही शराब व मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए पुलिस की कवायदों को भी जान रहे थे तथा उसे और मजबूत करने का निर्देश दे रहे थे। पुलिस सूत्रों की मानें तो क्राइम मीटिंग के दौरान डुमरांव नगर परिषद व इटाढ़ी नगर पंचायत के चुनावों पर भी चर्चा हुई तथा दोनों जगह शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए संबंधित थानाध्यक्षों तथा बक्सर सदर व डुमरांव एसडीपीओ को कई टास्क दिए हैं।

जानकारी के अनुसार इलाके के अपराधियों व तस्करों की सूची बनाने। फरार अपराधियों को गिरफ्तार करने तथा राजनैतिक अपराधियों उपद्रवियों की सूची भी एसपी ने संबंधित थानाध्यक्षों से तलब किया है। ताकी उनपर धारा 107 या 110 की कार्रवाई कर उनपर अंकुश लगाया जा सके। पुलिस सूत्रों की मानें तो क्राइम मीटिंग दौरान एसपी ने कई थानाध्यक्षों को कड़ी फटकार भी लगाई है।

## फिल्म में केसठ गांव के बाल कलाकार आर्यन बाबू की भूमिका को लेकर उत्साहित है लोग

# 14 मई को रिलीज हो रहा है भोजपुरी फिल्म दादू आई लव यू का ट्रेलर

**केटी न्यूज/केसठ**

14 मई को भोजपुरी फिल्म दादू आई लव यू का ट्रेलर रिलीज हो रहा है। इस फिल्म को ले प्रखंडवासियों की उत्सुकता बढ़ गई है। बता दें कि इस फिल्म में केसठ के स्थानीय बाल कलाकार आर्यन बाबू मुख्य भूमिका में है। जिस कारण प्रखंडवासियों में फिल्म की पहली झलक देखने को ले अभी से ही बेताबी है। यूँ तो आमतौर पर हर मेकर का ये दावा होता है कि वो पारिवारिक फिल्म बना रहे हैं लेकिन वास्तव में उन फिल्मों में रिश्तों के महत्व को संजीदगी से नहीं उकेरा जाता। लेकिन फिल्म दादू आई लव यू का पोस्टर लुक देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह फिल्म एक दादा और पोता के मर्मस्पर्शी प्रेम को परिभाषित करने वाली है।




फिल्म में भोजपुरी फिल्म जगत के मशहूर कलाकार अवधेश मिश्र ने दादा का चरित्र निभाया है। अवधेश मिश्र को आपने अब तक ना जाने कितने प्रकार के चरित्र निभाते हुए देखा होगा, अब ये उनका नया अवतार दर्शकों को लुभाने में किस कदर कारगर होगा यह देखने लायक होगा। आधुनिकता की इस चकाचौंध भरी दुनिया में एक दादा पोते लिटिल स्टार ह्वआर्यन बाबूह्ल के प्रेम को मधुसूदन एस शर्मा ने किस कदर पर्दे पर उतारा है यह भी देखना वाकई दिलचस्प ही होगा। रिदान फिल्म्स प्रस्तुत गौरव एम शर्मा, तुषार एम शर्मा द्वारा निर्मित व मधुसूदन एस शर्मा द्वारा निर्देशित फिल्म दादू आई लव यू का ट्रेलर आगामी 14 मई को सुबह आठ बजे इंटर 10 रंगीला के यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगा। यह फिल्म एक दादा और पोते के संबंध में आत्मीयता और लगाव को दशार्ती एक प्रेम कहानी है।

कथावस्तु पूरी तरह से मौलिक है और अवधेश मिश्र, आर्यन बाबू, अनीता रावत, महेश आचार्य, अजय सिन्हा, मिंटो तथा सभी कलाकारों ने अपने चरित्र से न्याय किया है। एक लाइन में कहे तो यह कहानी एक पोते के प्रति एक पिता के अविश्वनीय त्याग की कहानी है। फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के पर्यटक स्थल भेड़ाघाट और उसके आसपास के लोकेशन और सुन्दर स्थानों पर की गई है। साथ ही नर्मदा रोपवे और कई अच्छे फॉल को भी फिल्म में दशार्या गया है। फिल्म के लेखक निर्देशक मधुसूदन एस. शर्मा है। डीओपी जगमिंदर सिंह हुंडल हैं। संकलन संतोष हरावड़े ने किया है। कला राकेश साह, एक्शन मुकेश राठौड़ और नृत्य महेश आचार्य का है। कॉस्ट्यूम विद्या - विष्णु और पोस्ट प्रोडक्शन आई फोकस स्टूडियों। फिल्म में दिल छू लेने वाला संगीत अमन श्लोक ने दिया है, जबकि राजेश मिश्र, शेखर मधुर, अरविंद तिवारी और सूरज द्विवेदी गीतकार हैं। प्रचारक संजय भूषण पटियाला है।

## बलिया में छिटपुट घटनाओं के साथ दूसरा चरण का मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न

# सूरज की तपिश के बावजूद जमकर पड़े वोट नपा एवं नपं में कुल 56.17 प्रतिशत मतदान







- नगर पंचायतों में खूब बरसे वोट, जिला मुख्यालय के मतदाता रहे थोड़े सुस्त
- जिले में गर्मी बढ़ने के साथ साथ चढ़ता गया वोटिंग ग्राफ

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद की दो नगर पालिकाओं व दस नगर पंचायतों में गुरूवार को दूसरा चरण का मतदान छिटपुट घटनाओं के साथ शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। एक ओर जहां आसमान से तेज धूप के साथ आग बरसती रही। वहीं, दूसरी ओर बलिया नगर पालिका को छोड़ दें तो बाकी जगहों पर वोटों की जमकर बारिश हुई। जनपद के दो नगर पालिका व दस नगर पंचायतों में काफी गहमा-गहमी के बीच गुरुवार को शाम छह बजे तक कुल 56.17 प्रतिशत वोट पड़े। छिटपुट घटनाओं के बीच मतदान का कार्यक्रम सकुशल सम्पन्न हुआ। मतदान को लेकर प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी सुबह 7 बजे से ही भाग-दौड़ में जुट गए थे।

संवेदनशील और अति संवेदनशील बूथों को चिह्नित कर पहले से ही वहां अधिक सुरक्षा व्यवस्था कर दी गयी थी। डीएम रविंद्र कुमार और एसपी राजकरन नैय्यर शाम छह बजे तक बूथ केन्द्रों का निरीक्षण करते रहे। अलग-अलग मत प्रतिशत की बात करें तो नगर पालिका बलिया में 47.43, नगर पालिका रसड़ा में 64.27 , नगर पंचायत चितबड़ागांव में 64.26 , नगर पंचायत नगरा में 58.31 , नगरं पंचायत बेल्थरा में 61.86 , नगर पंचायत सिकंदरपुर में 61.06 , नगर पंचायत मनियर में 53.93 , नगर पंचायत बांसडीह में 59.32 , नगर पंचायत सहतवार में 59.54, नगर पंचायत रेवती में 64.05, नगर पंचायत बैरिया में 56.01 व नगर पंचायत रतसर कलां में 57.41 प्रतिशत मत पड़ा है। वहीं, रसड़ा की घटनाक्रम को छोड़ दिया जाए तो प्रशासन की सक्रियता के चलते कहीं कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। चुनाव पर बाहर से आये प्रेक्षक की नजर भी निरंतर बनी हुई थी। मतदान के शुरू होने और समाप्त होने तक के समावधि के बीच सम्बन्धित इलाकों के व्यवसायिक प्रतिष्ठान पूर्णतया बंद रहे। सड़कों पर भी वोटरों को छोड़कर भीड़ नजर नहीं आयी।

**सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा :** निकाय चुनाव के मद्देनजर नगर पालिका व नगर पंचायत क्षेत्रों की सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। दो पहिया वाहन के अलावा कुछ भी नजर नहीं आया। दुकान, प्रतिष्ठान सब कुछ बंद रहने के कारण चहूंओर सन्नाटा नजर आया। अन्य दिनों की अपेक्षा लोगों की चहल–पहल में भी कमी देखी गई। भीड़ की बात करें तो सिर्फ मतदान केंद्रों के आसपास ही लोगों की ही भीड़ नजर आई।

**बैरिया में पुलिस ने आधादर्जन फर्जी मतदाताओं को लिया हिरासत में :** नगर पंचायत बैरिया के मतदान में गुरुवार को दूसरे के नाम पर फर्जी मतदान का प्रयास करते आधा दर्जन लोगों को बैरिया पुलिस ने हिरासत में लिया है। उक्त जानकारी देते हुए एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बैरिया जूनियर हाई स्कूल, बाबा लक्ष्मण दास द्वाबा राष्ट्रीय इंटर कॉलेज बैरिया सहित कुल चार मतदान केंद्रों से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया गया है। हालांकि बाद में उन लोगों को छोड़ दिया गया।

**सिकंदरपुर में फर्जी मतदान के लिए पहुंची थी महिलाएं, आधारकार्ड से खुली पोल:** सिकंदरपुर नगर पंचयात के दारुल उलूम सरकारे आसी में चल रहे मतदान के दौरान फर्जी मतदान को लेकर दो एजेंटों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं को जांच करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर के पास ले जाया गया। आधार कार्ड में महिला की उम्र 40 वर्ष थी। दूसरी महिला की उम्र 35 वर्ष थी। वास्तविक उम्र उनकी 18 से 19 साल थी। जैसे ही जानकारी उच्चाधिकारियों को लगी मौके पर उप जिलाधिकारी अरुण कुमार मिश्र, क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा, थानाध्यक्ष दिनेश पाठक, चौकी प्रभारी रविंद्र पटेल सहित भारी मात्रा में पुलिस व अर्धसैनिक बल के जवान पहुंच गए। इस दौरान जिन महिलाओं का आधार कार्ड चेक किया जा रहा था। वह वहां से मौका मिलते ही खिसक गई।



### रसड़ा नगर पालिका बना नंबर वन, 64.27 प्रतिशत वोटिंग

बलिया। मतदान प्रतिशत में सबको पछाड़ते हुए रसड़ा नगर पालिका ने बाजी मार ली। यहां सबसे अधिक 64.27 प्रतिशत वोट पड़े। जबकि सबसे कम मतदान नगर पालिका बलिया में 47.43 प्रतिशत मत पड़ा । मत प्रतिशत में दूसरे पायदार में नगर पंचायत चितबड़ागांव है, यहां कुल 64.26 प्रतिशत मत पड़े। इसके अलावा रेवती नगर पंचायत भी 60 का आंकड़ा पार किया और यहां 64.05 प्रतिशत मत पड़े। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि नगर पालिका बलिया में प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से लेकर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, अभिनेता दिनेशलाल यादव निरहुआ से लेकर गोरखपुर सांसद रविकिशन सबने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की और अपने प्रत्याशी के समर्थन में वोट मांगे। बावजूद बलिया में सबसे कम मतदान होना लोगों की गले नहीं उतर रहा है।

## रसड़ा में मतदान से पहले ही कांग्रेस प्रत्याशी पर चाकू से हमला

**रसड़ा।** रसड़ा नगर पालिका क्षेत्र से अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस प्रत्याशी राजकुमार गुप्त पर गुरुवार की सुबह मतदान से लगभग एक घंटे पूर्व बाइक सवार बदमाशों ने हमला कर घायल कर दिया। वे तहसील कार्यालय पर मतदान संबंधी कोई कागज लेने गए हुए थे। लौटते समय रास्ते में दो बाइक पर सवार चार हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। तत्काल उन्हें रसड़ा अस्पताल पहुंचाया गया। प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि चाकू से हमला किया गया है।



## ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से किशोर की मौत, मचा कोहराम

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद के हल्दी थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव स्थित मन्दिर के पास ट्रैक्टर ट्राली की जद में आने से एक बालक की दर्दनाक मौत हो गई। गुस्साई भीड़ व नाराज परिजनों ने शव को सड़क पर रख हल्दी-सहतवार मार्ग को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राज कपूर सिंह अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। काफी समझाने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम समाप्त हुआ।

बताया जाता है कि विगही गांव निवासी अनुज (13) पुत्र संतोष तुरहा गुरुवार को बहुआरा स्थित अपने मक्के के खेत पर जा रहा था। अभी वही बहुआरा गांव के हनुमान मंदिर के समीप पहुंचा था कि तभी तेजी से आ रही ट्रैक्टर-ट्राली की चपेट में आने से अनुज गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन व आस पास के लोगो ने तत्काल उसे नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बालक की मौत की खबर सुनते ही आक्रोशित ग्रामीणों ने बालक के शव को सड़क पर रख कर हल्दी सहतवार मार्ग को जाम कर दिया। चालक को ट्रैक्टर ट्रॉली सहित घेर के जलाने का प्रयास करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही तुरंत रोहुआ चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर को फुकने से बचा लिया। इसके बाद बासंडीह रोड एसओ राजकपुर सिह मौके पर पहुच गए। घटना की सूचना मिलते की सीओ बांसडीह शिवनारायण बैस द्वारा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को उचित करवाई करने का अश्वासन मिलने के बाद करीब डेढ़ घंटे बाद जाम को समाप्त किया गया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया उधर घटना के बाद परिजनों का रोते-रोते बुरा हाल है।



## दहेह हत्या में पति को दस साल एवं सास-ससुर को सात-सात साल की सजा

**गाजीपुर।** जिला जज संजय कुमार की अदालत ने गुरुवार को दहेज हत्या के मामले में पति को 10 साल व सास- ससुर को 7 -7 साल की सजा के साथ प्रत्येक को 12-12 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। बताते चलें कि जमानिया थाना गांव रेहुरा के बाल्मीकि अपनी पुत्री प्रियंका की शादी 27 अप्रैल 2018 को जमानिया थाना गांव असैचंदपुर के प्रदुम्न तिवारी उर्फ सूरज तिवारी के साथ किया था ससुरालीजन की मांग पर रुपया पैसा एवं सामान आदि दिया गया था।

लड़की विदा होकर गई तो उसके पति प्रदुम्मन तिवारी, साँस विजयवाला देवी तथा ससुर यशवंत तिवारी वाशिंग मशीन, चेन व फ्रीज की मांग करने लगे और उसको प्रताड़ित करने लगे। वादी ने ससुरालीजन को काफी समझाया और कहा की आपकी मांग पूरी कर दूंगा, लेकिन वो लोग नहीं माने और दो जनवरी 2020 को सुबह गांव वालों से सूचना मिली कि मेरी पुत्री की मृत्यु हो गई है। वादी तत्काल मौके पर पहुंचा, तो उसको लड़की का शव पड़ा मिला वादी की सूचना पर पुलिस आई और लाश को कब्जे में लिया और आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया और विवेचना उपरांत आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया।

### पोषण पखवाड़ा -2023 के कार्यक्रम में विशेष योगदान देने के लिए मिलेगा सम्मान

## दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं व सहायिकाएं होंगी सम्मानित

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारत सरकार द्वारा बीते दिनों चलाए गए पोषण पखवाड़ा -2023 के कार्यक्रम में विशेष योगदान देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को केंद्र सरकार द्वारा पुरस्कृत किए जाने की योजना है।

जिसके लिए राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश के द्वारा एक पत्र बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को भेजा गया था। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से दो आंगनबाड़ी और दो सहायिकाओं का चयन कर इसकी रिपोर्ट भेजी जानी है। इसकी तैयारियों को विभाग अंतिम रूप दे रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी दिलीप कुमार पांडेय ने बताया कि राज्य पोषण मिशन उत्तर प्रदेश द्वारा एक पत्र विभाग को प्राप्त हुआ है। जिसमें प्रत्येक ब्लॉक से दो आंगनबाड़ी और दो सहायिकाओं का चयन कर उसका नाम मांगा गया है। जिसके लिए विभाग की तरफ से सभी परियोजनाओं को इस संबंध में पत्र भेज दिया गया है। सभी ब्लाकों पर उनके कार्य के आधार पर उनका चयन कर अंतिम लिस्ट भेजे जाने की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी और सहायिकाओं का चयन पोषण पखवाड़ा -2023 के कार्यों के आधार पर साथ ही भारत सरकार द्वारा चलाई गई श्रीअन्न योजना के प्रोत्साहन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने वाली आंगनबाड़ी और सहायिका के साथ जनसामान्य कार्य के आधार और आंगनबाड़ी केंद्रों का महीने में 21 दिनों का सफल संचालन के साथ कई अन्य बिंदुओं को आधार बनाया गया है।




बताया कि जनपद के कुल 17 परियोजनाओं से 34 आंगनबाड़ी और 34 सहायिकाओं का चयन किया जाना है। जिसमें चयनित आंगनबाड़ी को 5000 और सहायिकाओं को 2500 रुपये का पुरस्कार दिया जाना है। कहा कि इस तरह के चयन प्रक्रिया के बाद पुरस्कार देने हैं। मुख्य उद्देश्य उनके कार्यों में और गुणवत्ता लाना और उनका उत्साहवर्धन करना है। ताकि गर्भवती, किशोरी, कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के लिए चलाई जाने वाली योजनाओं का सफल संचालन करते हुए शत प्रतिशत लोगों तक लाभ पहुंचाने को लेकर है।

## मुख्तार अंसारी का गुर्गा जफर खां उर्फ चंदा के घर पुलिस का छापा

**गाजीपुर/मुहम्मदाबाद।** माफिया मुख्तार अंसारी का खास गुर्गा जफर खां उर्फ चंदा के घर गुरुवार को सीओ मुहम्मदाबाद हितेंद्र कृष्ण के नेतृत्व में पुलिस ने उसके सदर रोड चौक मोहल्ला स्थित घर पर छापा मारा। इस दौरान पुलिस की भनक लगते ही जफर और चंदा फरार हो गए।

क्षेत्राधिकारी हितेंद्र कृष्ण ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर माफिया मुख्तार अंसारी गिरोह से जुड़े लोगों के ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान एवं कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में जफर खां एवं चंदा के घर की तलाशी ली गई। मौके पर जफर खान मौजूद नहीं पाया गया, वही घर की महिलाएं मौजूद रहीं, जिनकी उपस्थिति में जफर खां के एक-एक कमरे की सघन तलाशी ली गई, लेकिन किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय या गलत सामग्री नहीं पाई गई। पुलिस की इस कार्रवाई से पूरे मोहल्लेवासियों में हड़कंप मच गई है, वहीं अगल-बगल एवं परिजनों में पुलिस के इस कार्रवाई से अपराध जगत से जुड़े लोगों में दहशत का माहौल बना रहा। इस दौरान कोतवाल मोहमदाबाद घनानंद त्रिपाठी, भांवरकोल थाना इंचार्ज सत्येंद्र राय, एसओ करमदीनपुर के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## एक नजर

### सख्ती : जिलाधिकारी ने मतदाताओं के आधार कार्ड की कराई स्कैनिंग, बूथों का किया निरीक्षण

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन-2023 को सकुशल संपन्न कराने हेतु गुरुवार को मतदान के दिन जिलाधिकारी अरुण कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय द्वारा बूथों के निरीक्षण करते रहे। जहां जैसी स्थिति आई वहां कार्रवाई का के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मदरसा फैजेआम में मतदाताओं का आधार स्कैनिंग कराया गया। जिस में सत्यापन न होने पर पूरी जांच कर फर्जी पाए जाने पर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में भेजने को कहा। नगर पंचायत वलीदपुर में एक ही क्यूआर कोड के चार आधार कार्ड नंबर मिलने पर संबंधित लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश। मतदान केंद्र जामिया मिफ्ताहुल ओलूम निस्वा पर बूथ संख्या 230 पर पी-2 अधिकारी द्वारा मतदान के दौरान फोन से बात करते हुए पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उसको हटाने के निर्देश दिए एवं रिजर्व में रखें कर्मी को तत्काल ड्यूटी पर लगाने के भी निर्देश दिए। मतदान केंद्र डीएवी इंटर कॉलेज वाणिज्यिक शाखा पर बूथ संख्या 237 में पी-3 अधिकारी द्वारा मतदान के दौरान मतदाताओं की उंगली पर स्याही ठीक ढंग से न लगाने पर जिलाधिकारी अरुण कुमार ने उसे तत्काल हटाते हुए रिजर्व कर्मी को ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। मतदान केंद्र मदरसा आलिया स्कूल दोमनपुरा पर बूथ संख्या 263 में पी-3 अधिकारी द्वारा मतदान के दौरान मतदाताओं की उंगली पर स्याही ठीक ढंग से न लगाने पर जिलाधिकारी द्वारा उसको तत्काल हटाया गया। मतदान केंद्र महिला डिग्री कालेज पहाड़पुरा पू. भाग 1 पर बूथ संख्या 274 में पी-3 अधिकारी द्वारा मतदान के दौरान मतदाताओं की उंगली पर स्याही ठीक ढंग से न लगाने पर जिलाधिकारी द्वारा उसको तत्काल हटाया गया। मतदान केंद्र मदरसा आलिया गर्ल स्कूल डोमनपुरा पर बूथ संख्या 261 में पी-3 अधिकारी द्वारा मतदान के दौरान मतदाताओं की उंगली पर स्याही ठीक ढंग से न लगाने पर जिलाधिकारी द्वारा उसको तत्काल हटाया गया।



### डीएम ने पत्नी संग किया मताधिकार का प्रयोग

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के तहत जनपद में आज हो रहे मतदान के दौरान जिलाधिकारी श्री अरुण कुमार ने भी अपनी पत्नी के साथ अपने मत का प्रयोग किया। उन्होंने कंपोजिट विद्यालय ख्वाजा जहांपुर स्थित मतदान स्थल पर सुबह 7:00 बजे पहुंच कर अपने मत का प्रयोग किया। जिलाधिकारी के अलावा उनकी पत्नी एवं पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पांडे ने भी अपने मत का प्रयोग इसी मतदेय स्थल पर किया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय ख्वाजाजहांपुर मतदान केंद्र पर स्थित बूथों का भी निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया से संबंधित अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के साथ ही अन्य आवश्यक निर्देश भी दिए।




### नाम कटने से नाराज वोटरें ने किया प्रदर्शन

मऊ। जनपद के कोपागंज नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर चार मोहल्ला फुलेलपुरा में करीब 250 सौ से अधिक नाम वोटर लिस्ट से कटने से नाराज लोगो ने हाथ में वोडर आईकार्ड लेकर प्रदर्शन किया। सभी का कहना था की इसके पूर्व लिस्ट में नाम था लेकिन एक साजिश के तहत पूरी शिया बस्ती का नाम सप्लीमेंटरी लिस्ट में नाम नदारत है। सभी का कहना था कि बार बार नगर पंचायत के चुनाव में नाम कटवा दिया जाता है जो ठीक नही है। बाकर रजा 6 वोट, लियाकत अली 7 वोट, सलमान अब्बास 6 वोट, जमील अख्तर 7 वोट, हैदर अली 4 वोट, मोहम्मद नोमान 6 वोट, लियाकत हुसैन 5 वोट, मोहम्मद हसनैन 5 वोटरों के नाम वोटर लिस्ट से गायब है।



### संदेहास्पद मतदाताओं की गहनता से कराई जांच, फर्जी वोटरों को पुलिस अभिरक्षा में भेजा

**मऊ।** नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2023 के द्वितीय चरण में आज जनपद मऊ में मतदान सकुशल संपन्न हुआ। जिला अधिकारी अरुण कुमार ने पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के साथ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में स्थित कई अति संवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस बूथों का मतदान के दौरान निरीक्षण किया। इस दौरान कंपोजिट विद्यालय ख्वाजा जहांपुर, मुस्लिम इंटर कॉलेज, मदरसा फैज ए आम, जामिया मिफ्ताहूल उलूम निस्वा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मुगलपुरा, मुन्नी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तालीमुद्दीन इंटर कॉलेज, तालीमुद्दीन महिला डिग्री कॉलेज पहाड़पुर, नाजिमउद्दीन गर्ल्स इंटर कॉलेज, मदरसा बहरूल ओलूम खिरीबाग, नगर पालिका परिषद, डीएवी इंटर कॉलेज बल्लीपुर सहित कई अन्य मतदान केंद्रों पर स्थित बूथों का निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। बूथों के निरीक्षण के दौरान कुछ मतदान कार्मिकों द्वारा फोन का प्रयोग करने एवं मतदाताओं के उंगली पर ठीक ढंग से स्याही ना लगाने अथवा बिना स्याही लगाए ही भेज देना का मामला संज्ञान में आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल ऐसे कार्मिकों के मोबाइल सीज करने के साथ ही तत्काल ड्यूटी से हटाने तथा उनके स्थान पर रिजर्व कार्मिकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान संदेहास्पद मतदाताओं के पहचान पत्रों की गहनता से जांच भी जिलाधिकारी के निर्देश पर कराई गई। कुछ मतदाताओं के पहचान पत्र उनके द्वारा दी गई जानकारियों से भिन्न मिलने पर उनकी पूरी जांच पड़ताल करने के उपरांत ही मतदान कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। उन्होंने मतदान केंद्रों पर उपस्थित मतदान कार्मिकों एवं सुरक्षाबलों संदेहास्पद मतदाताओं की गहनता से जांच करने तथा फर्जी पाए जाने पर तत्काल पुलिस अभिरक्षा में रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया से जुड़े समस्त कार्मिकों को पूरे मतदान को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्मिकों के लिए निर्धारित दायित्वों को पूरी निष्ठा से पूर्ण करते हुए मतदान प्रक्रिया संपन्न कराने के निर्देश दिए। मतदान के दौरान मतदाताओं के उंगली पर लगने वाली स्याही पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। जिलाधिकारी ने मतदान प्रक्रिया के दौरान मतदान कार्मिकों द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी भी दी। निरीक्षण कार्य पूरे मतदान के दौरान चलता रहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अविनाश पांडे के अलावा भारी संख्या में पुलिस बल साथ रहे।

